1	2	3	4	5
16	Jamanlal Goenka Dental College, Akola (Maharashtra)	1993	40	Amravati University
17	J.K.K. Natrajan Dental College, Komarapalayam (TN) (New admissions stopped by the Dental Council of India till further orders)	1985	40	T.N. Dr. M.G.R. Medical University
18	S.J.M. Dental College & Hospital, Chitradurga (Kar.) (New admissions stopped by the Dental Council of India till further orders).	1987	40	Mysore University
19	H.K.E. Society's Dental College, Gulbarga (Kar.) (New admissions stopped by the Dental Council of India till further orders).	1987	40	Gulbarga University
20	Sarjug Dental College, Darbhanga (Bihar) (New admissions stopped by the Dental Council of India till further orders).	1988	40	L. N. Mithila University

पंजाब में भ्रूण परीक्षण द्वारा की जाने वाली भ्रूण हत्याएं

1132. **श्रीमती सरला माहेश्वरी** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब में भ्रूण परीक्षण के द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रूण हत्याएं की जा रही हैं;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस पर रोक लगाने के लिए क्या विशेष कदम उठाए गए हैं; और

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भ्रूण हत्या पंजाब में पुरूषों की तुलना में महिलाओं की कम होती संख्या का एक मुख्य कारण है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) जी नहीं ।

(ख) लिंग निर्धारण, जिससे कुछ मामलों में कन्या भ्रूण-हत्या होती है, के प्रयोजन के लिए प्रसवपूर्व नैदानिक तकनीकों के दुरुपयोग को रोकने के लिए इन तकनीकों के प्रयोग को नियमित करने के लिए लोक सभा में एक विधेयक लाया गया है ।

(ग) पंजाब में लिंग अनुपात कम नहीं हो रहा है ।

Epidemic Outbreak in NOIDA

1133. DR. SANJAYA SINH : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the apprehensions of the residents of NOIDA about the outbreak of an epidemic disease as stated in the news-item entitled 'Epidemic Outbreak in NOIDA feared', which appeared in the Hindustan Times dated 11th June, 1993;

(b) if so, the facts in this regard; and

(c) what are the steps Government have taken/propose to take in the matter ?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) to (c) The Government of Uttar Pradesh have reported that as a result of timely preventive measures taken by their Health Department, there has been no epidemic in NOIDA this year so far. The State Government is being advised to keep a close watch on the situation.

मध्य प्रदेश में रींवा में हैजे के फैलने के कारण हुई मौतें

1134. **श्री तसली राम अग्रवाल** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के रींवा के तीन मुहल्लों में हैजा फैलने से मई, 1993 को 60 लोगों की मृत्यु हो गई;

(ख) यदि हां, तो हैजा फैलने का मुख्य कारण क्या था;

(ग) क्या सरकार चिकित्सा संबंधी राहत सुविधाएं न पहुंचाने के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा हैजे से पीड़ित/मारे गए व्यक्तियों के निकट संबंधियों को कोई अनुग्रह राशि प्रदान की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?